सार-समाचार

जागरूकता पखवाड़ा शुरू

झुंझुनूं, (निसं)। राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जन जागरुकता पखवाड़ा के शुभारंभ गुरुवार को जागरूकता रैली के साथ किया गया। सीएमएचओ ऑफिस से जागरूकता रैली को को सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नर्सिंग स्टूडेंट्स की रैली मंडावा मोड़, कलेक्टर सर्किल, रोडवेज बस डिपो होते हुए शाहिद कर्नल जेपी जानूं स्कूल तक पहुंची। इस अवसर पर डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, एपिडमियोलॉजिस्ट डॉ. कुलदीप फौजदार, डीपीसी डॉ. महेश कड़वासरा मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि राज्य सरकार कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए और अधिक सशक्त और कारगर उपाय कर रही है। विकसित भारत अभियान' के अवसर पर हम सब मिलकर झुंझुनूं जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग का निदान करना आसान है और इसका इलाज भी सम्भव है। सीएमएचओ डॉ. गुर्जर ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से 30 जनवरी से 13 फरवरी तक इस वर्ष की थीम आइए, सब मिलकर कुष्ठ रोग के प्रति जागरुकता बढ़ाएं, के साथ विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

सड़क को बनवाने के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन

बुहाना, (निसं)। बलौदा से बुहाना सड़क एक वर्ष से निर्माणाधीन पड़ी हुई है। एक वर्ष से निर्माणाधीन सड़क से धूल उड रही है। जिससे बलौदा, ठोठी, धूलवा, कलवा व मनोहरपुरा गांवों सहित आमजन को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर रोडी बिछी हुई हैं। लेकिन डामरीकरण नहीं करने से आए दिन दुपहिया वाहन रोडियों पर फिसलकर गिरने से आएदिन दुर्घटना हो रही हैं। लेकिन क्षेत्रीय विधायक व जनप्रतिनिधि सहित अधिकारी अनदेखा कर रहे हैं। गुरुवार को उपरोक्त गांवों ने एक संघर्ष समिति बनाकर, सडक शीघ्र व 18 फीट चौड़ी बनवाने के लिए सांकेतिक प्रदर्शन किया। पवन कुमार शर्मा ने बताया कि प्रशासन हरकत में आता है तो ठीक है। वरना बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन को मजबूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर पवनकुमार शर्मा, जगवीरसिंह, राजसिंह, सतीश पूनियां, जोगेंद्रसिंह, सुमेरसिंह गादली, अगंदसिंह गादली, प्रमोद सिंह, बरामसिंह, निहालसिंह, सुनिल, श्यामसिंह, विष्णुकुमार, सुबोध शर्मा, नरेश, लीलाराम, पूनमचंद उपस्थित थे।

पति-पत्नी के बीच समझौता करवाया

सीकर (निसं)। सीकर महिला थाना अधिकारी मुनेशी मीणा ने महिला थाना अधिकारी का पदभार ग्रहण करने के साथ ही एक अच्छी पहल करके शानदार उदाहरण पेश किया है उषा पत्नी भगवती प्रसाद वाल्मीकि निवासी मलसीसर जिला झुंझुनू का पिछले 5 साल से मनमुटाव चल रहा था पति-पत्नी के बीच चल रहे मनमुटाव को कंप्रोमाइज कराते हुए थाना अधिकारी ने दोनों के बीच राजीनामा कराकर फिर से एक नया जीवन जीने की मिसाल पेश की है हम आपको बता दें कि थाना अधिकारी मुनेशी मीणा ने मलसीसर निवासी उषा और भगवती प्रसाद के बीच मनमुटाव चल रहा था और पति-पत्नी अलग-अलग रह रहे थे दोनों को थाने में बुलाकर थाना अधिकारी द्वारा सौहार्दपूर्ण तरीके से समझाइश की गई जिसके चलते दोनों पति पत्नी फिर से साथ रहने के लिए राजी हो गए और दोनों पति-पत्नी ने थाना अधिकारी मुनेशी मीणा का आभार व्यक्त करते हुए नए जीवन की शुरुआत करने का संकल्प लिया थानाधिकारी ने जॉइनिंग के साथ ऐसे पांच मामलों में पति-पत्नी के बीच चल रहै विवाद को उलझाया है जो अपने आप में एक अच्छी मिसाल है।

क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

सादुलपुर, (निसं)। तहसील के गांव साखण ताल में ब्लॉक स्तरीय भगतसिंह क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरूवार को भाजपा चांदगोठी मंडल अध्यक्ष युवा नेता धर्मवीर सुलखनिया ने किया। उद्घाटन मैच ठिमाऊ छोटी बनाम नेशल छोटी के बीच खेला गया। जिसमे नेशल छोटी ने पहले खेलते 82 रन बनाए। तथा जवाब में ठिमाऊ छोटी ने 7 विकेट खोकर 84 रन ही बनाए। जिसमें ठिमाउ छोटी तीन विकेट से विजेता रही। इस मौके पर धर्मवीर सुलखनिया ने खेल को खेल भावना से खेलने का संदेश देते हुए कहा कि खेलों से जहां भाईचारे की भावना का वातावरण बनता है, वही स्वस्थ समाज का निर्माण भी होता है। उन्होंने आयोजन कमेटी का आभार जताते हुए खेल के क्षेत्र में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सांखण ताल सरपंच विनोद मीणा ने भी खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया कार्यक्रम में विजयपुरा सरपंच अनिल श्योराण, चाँदगोठी सरपंच भरतसिंह प्रजापत सहित सैकडों ग्रामीण मौजूद रहे।

चूरू मेडिकल कॉलेज को 11 ओवर में हराया

चूरू (निसं)। स्थानीय सेठाणी जोहड में आयोजित मेडिकल प्रीमियर लीग का रोमांचक फाइनल मुकाबला रतनगढ सीएमएचओ टीम ने जीता। चूरू मेडिकल कॉलेज की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 89 रन बनाए। जवाब में रतनगढ़ सीएमएचओ की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए महज 11 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. मुमताज अली ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं मेडिकल क्षेत्र के कर्मचारियों को तनाव से मुक्ति दिलाने में सहायक है। विजेता टीम के कप्तान संग्राम सिंह को ट्रॉफी के साथ 11 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया और उपविजेता टीम को 5100 रुपए और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। डॉ. इदरिश खान को मैन ऑफ द सीरीज और रणजीत को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. मनोहर भाटिया, मेडिकल कॉलेज के डिप्टी प्रिंसिपल डॉ. गजेंद्र सक्सेना और अस्पताल अधीक्षक डॉ. हनुमान जयपाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर, बल्लेबाज, कमेंटेर और फील्डर को भी सम्मानित किया गया।

मौन रखकर शहीदों को याद किया

सीकर (निसं)। जिला मुख्यालय पर चिकित्सा विभाग के स्वास्थ्य भवन में शहीद दिवस पर मौन रखकर शहीदों को याद किया गया। सीएमएचओ डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में एडीशनल सीएमएचओ डॉ हर्षल चौधरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य भवन में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को याद किया व श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर डॉ मनोज भड़िया, लेखा अधिकारी हमीद अली, प्रशासनिक अधिकारी राधेश्याम मीणा, कैलाश पारीक सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। इधर, जिलेभर में स्वास्थ्य कर्मियों में शिक्षण संस्थाओं में जाकर विद्यार्थियों व शिक्षकों को कुष्ठ रोग के बचाव, उपचार की जानकारी दी और शपथ दिलवाई।

छावणी बाजार में आज मासिक अवकाश रहेगा

झुंझुनूं, (निसं)। श्री गल्ला व्यापार संघ झुंझुनूं के निर्णय अनुसार मासिक अवकाश के संदर्भ में महीने के आखिरी दिवस पर 31 जनवरी को बाजार बंद रहेगा। जानकारी देते हुए गल्ला व्यापार संघ के अध्यक्ष आनंद टीबड़ा एवं सचिव विपिन राणासरिया ने बताया कि पिछले काफी समय से छावनी बाजार के व्यापारी मासिक अवकाश के अंतर्गत महीने के अंतिम दिवस पर बाजार बंद करते आ रहे हैं। इस क्रम में 31जनवरी को छावनी बाजार बंद रखने का निर्णय रखा गया है। महीने के अंतिम दिवस 31 जनवरी को जोशियों की कुटिया से लेकर छावनी बाजार एवं गोल मंडी बालाजी तक जो भी खुदरा एवं थोक की दुकान है। पूर्णतया बंद रहेगी।

पिस्टल लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया

- सिंघाना पुलिस की अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई
- पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद

खेतड़ी, (निसं)। सिंघाना पुलिस ने गुरूवार को अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिस्टल लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

इस दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। थानाधिकारी रामसिंह यादव ने बताया कि पुलिस की ओर से अवैध हथियारों पर कार्रवाई करने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस दौरान गाड़ाखेड़ा चौकी प्रभारी एएसआई शेर सिंह फोगाट को सूचना मिली कि सिंघाना से चिड़ावा जाने वाली रोड पर सुरस्ता धाम मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर घुम रहा है तथा वह कोई बडी वारदात करने की फिराक में है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी शरद चौधरी ने एक विशेष टीम का गठन कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस टीम ने मंदिर के पास खड़े युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो उसके पास एक देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस पाए गए। जब उससे अवैध हथियार के बारे में पुछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। जिस पर पुलिस ने रणजीतपुरा मंडावा निवासी अशोक कुमार पुत्र बच्चन लाल को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी सीकर में एक मामला दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी रामसिंह यादव, एएसआई शेर सिंह फोगाट, कांस्टेबल अजय भालोठिया, आशाराम, विजेंद्र आदि शामिल थे।

एस.डी.एम.को ज्ञापन दिया

खेतड़ी, (निसं)। पंजाब में संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा खण्डित करने वालो की गिरफतारी की मांग को लेकर अनुसुचित जाति अनुसुचित जनजाति संयुक्तर संघर्ष समिति ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान प्रतिमा खंडित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। संघर्ष समिति के गोकुल चन्दा मेहरडा ने बताया की पंजाब राज्य के अमृतसर में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वोत द्वारा खंडित कर दिया गया। डॉ अंबेडकर ने भारत गणराज्य का कल्याणकारी संविधान की रचना की है। भारत का शासन प्रशासन संविधान से चलता है। जिन असामाजिक तत्वों ने डॉ अंबेडकर साहब की प्रतिमा को खंडित किया है वह देशद्रोही है।

शिव महोत्सव पर कलश यात्रा निकाली

खेतड़ी, (निसं) खेतड़ी के मुख्य बाजार स्थित रामायण सत्संग मंदिर समिति की ओर से गुरुवार को दो दिवसीय शिव महोत्सव पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया।

महोत्सव के तहत शुक्रवार को मंदिर में शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आयोजन से पहले महिलाओं की ओर से कस्बे मेंकलशयात्राभी निकाली गई। कार्यक्रम आयोजन समिति के अग्रवाल समाज अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि रामायण सत्संग मंदिर में आपसी सहयोग से शिव परिवार मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी है। पंडित विजेश पुरोहित, बबलू पंडित के आचार्यवक्त में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीणों की ओर से पूजन क्लश यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बबलू पंडित ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सनातन धर्म को लेकर अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।भगवान ने मनुष्य के कर्मों से ही उसके जीवन की कहानी बनाई गई है। भगवान में आस्था रखने वाले ही भगवान के सच्चे भगत होते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में सनातन धर्म एवं संस्कृति का विशेष महत्व है। युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने के लिए उन्हें प्रेरित करना चाहिए। संस्कृति का ज्ञान उस समय प्राप्त होता है जब व्यक्ति नित्य रूप से पूजा पाठ में ध्यान आकर्षित कर धर्म में आस्था रखता है। इस दौरान उन्होंने नशे से दूर रहकर धर्म के प्रति आस्था बनाए रखने की अपील भी की। सनातन धर्म व संस्कृति को बचाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होकर आगे बढ़ना चाहिए तथा अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित कर संस्कृति के प्रति प्रेरित करना चाहिए। इस दौरान महिलाओं ने वाराही देवी मंदिर में कलश यात्रा शुरू कर कस्बे के विभिन्न मार्गों से होते हुए रामायण सत्संग मंदिर परिसर में पहुंची।

इस मौके परसुरेन्द्र चौधरी, अशोक कुमार, हाकमसिंह, कैलाश गर्ग, संजय मालपुरिया, बजरंग गर्ग, ज्योति भारद्वाज, मुकेश पूर्णिया सहित अनेक लोग मौजूद थे।

वार्षिकोत्सव मनाया

चूरू (निसं)। रा.उ.मा. विद्यालय बलाल में वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। इस दौरान भामाशाहों को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य रामकुमार खीचड़ ने बताया कि भामाशाह लालचंद मूंड ने (111000 रुपये) व लेखराम बरोड ने (81000 रुपये) की लागत से रसोईघर मय बरामदा व स्टोर बनाकर विद्यालय को सुपर्द किया। जिसका लोकार्पण भामाशाहों ने फीता काटकर किया। इसी क्रम में विद्यालय का वार्षिकोत्सव भी समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में भामाशाहों को मार्ल्यापण कर, शॉल ओढाकर, साफा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

खारिया गांव को ग्राम पंचायत कालाना ताल में यथावत रखे जाने की मांग

सादुलपुर, (निसं)। गांव खारिया के ग्रामीणों ने गुरुवार शाम सवा पांच बजे एसडीएम राजगढ को लिखित शिकायत कर गांव खारिया को ग्राम पंचायत कालाना ताल में यथावत रखे जाने की मांग की है। तथा कार्रवाई नहीं होने पर पंचायती राज चुनाव में मतों का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

इस मौके पर जयवीर मेघवाल, महेंद्र गोदारा, वीर सिंह मेघवाल, रणवीर चाहर, रामचन्द्र पचार, राजेन्द्र पचार, जलेसिंह गोदारा, होशियार सिंह गोदारा, रणधीन गोदारा आदि सहित दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में खारिया गांव को ग्राम पंचायत कालाना ताल में यथावत रखे जाने की मांग की है।

बताया कि गांव खारिया की वर्तमान गांव पंचायत कालाना ताल है, जो ग्राम खारिया के लिए हर प्रकार से हर क्षेत्र में सही और उपयुक्त है तथा गांव खारिया से ग्राम पंचायत कालाना ताल की दूरी मात्र एक किलोमीटर है, स्कूल भी नजदीक है, सडक से सीधा जुडाव है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि गांव खारिया की ग्राम पंचायत को बदलकर अलग पंचायत में जोडने की बात चल रही है, जिसके कारण ग्रामीणो में भारी रोष व्याप्त है और परेशानियों का भी सामना करना पड सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव खारिया की ग्राम पंचायत काफी वर्षो से ग्राम पंचायत कालाना ताल ही है। शिकायत में बताया कि ग्रामीणों की वाजिब मांग को देखते हुए खारिया को ग्राम पंचायत कालाना ताल में ही यथावत रखे जाने की मांग की है तथा कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले पंचायत राज चुनाव में अपने मतों का बहिष्कार करेंगे।

महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन किया

- श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया

सीकर (निसं)। राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि 30 जनवरी (शहीद दिवस) पर गुरूवार को कलेक्ट्रेट परिसर के लॉन में जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रशासन रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग प्रियंका पारीक, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल, एडीपीसी राकेश कुमार लाटा, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी राकेश कुमार ढाका सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कार्मिकों ने दो मिनट का मौन धारण कर गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी। इस दौरान स्काउट गाइड के सदस्यों द्वारा रामधुनी भजनों का गायन किया गया।

शहीद दिवस के उपलक्ष में सभी राजकीय कार्यालयों में दो मिनट का मोन धारण कर महात्मा गांधीजी को श्रृद्धाजंली का कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा द्वारा राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के जीवन से संबंधित सत्य, अंहिसा, अपरिग्रह के संबंध में महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि ग्रांधीजी ने ग्राम स्वराज की बात कही थी।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.अशोक महरिया, राजस्व अधिकारी नगर परिषद महेश योगी, साक्षरता अधिकारी चन्द्र प्रकाश महर्षि, भारत स्काउट गाईड राजकीय अम्बेडकर छात्रावास द्वितीय के स्काउट मास्टर ओमप्रकाश रैगर, साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार महावीर पुरोहित, सहायक निदेशक शिक्षा विभाग राकेश कुमार गढ़वाल, महेन्द्र पारीक, सोमेन्द्र पूनिया, विनोद नायक सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहे।

चिकित्सा शिविर आयोजित

पिलानी, (निसं)। सेवा भारती समिति द्वारा वाल्मिकी बस्ती पिलानी स्थिति दुर्गा मंदिर में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समिति के जिला स्वास्थ्य आयाम प्रमुख डॉ. अशोक शर्मा, आयुर्वेद चिकित्साधिकारी ने रोगियों की जांच करके निशुल्क परामर्श एवं औषधियां वितरित की। कार्यक्रम संचालक जिला मंत्री महेंद्रकुमार सैनी ने वंचित, उपेक्षित, पीड़ित एवं अभावग्रस्त वर्ग के मध्य नर सेवा नारायण सेवा का ध्येय लेकर कार्यरत सेवा भारती समिति द्वारा आगामी अक्षय तृतीया को आयोजित सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के बारे में विस्तार से चर्चा की।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.02.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

चूरू, चूरू राजस्थान, 135110700011012, 1087, 1088, 135110730029229, सरदार शहर, 135720700010403, 135720730026552, 135720750000076, 0081, सुजानगढ, 135090700014846, 5016, 135090750000123, हनुमानगढ़, बाबा शाम सिंह कॉलोनी, 117270700058203, 8230, 8248, 8249, 8270, 8272, 8273, 8278, 8286, 8304, 8319, 8324, 8362, बस स्टैंड गेट हनुमानगढ़, 117320700029543, 9551, 9564, 9566, 9574, 9577, 9585, 117320730020444, 0475, 0484, नोहर राजस्थान, 135640700027918, 8080, 8110, 8121, 8122, 8135, 8161, 8169, 8189, 8191, 8197, 8201, 8206, 8208, 135640730050481, 1218, 1241, 1299, 1351, 1394, 1430, 1463, 1500, 135640750000133, पिलीबंगन, 135180700032563, 2785, 2829, 2852, 2862, 2871, 2936, 135180730028489, 135180750000097, नागपुर , लाडनूं, 137990730016054, मकराना, 138030700003612, 3707, 3744, 138030730041062, 1149, 1234, 138030750000051, तहसील चौक, 115510700021232, विजय वल्लभ चौक नागौर, 138430700002817, श्रीमाधोपुर राजस्थान, 135520700010711, 0721, 0734, 0735, 135520730064333, 4364, 4400, 4405, 4423, 4547, सीकर, बजाज रोड सीकर, 111830700045010, 5081, 5094, 5103, 111830730085357, 5423, 5443, 5507, 5509, 5612, 5625, 5690, 5700, 5740, 5744, 5745, 111830750000065, फतेहपुर राजस्थान, 135330700012111, 2112, 2117, 2124, 2126, 2127,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

जिला कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक ली

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में गुरुवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर शर्मा ने सभी अधिकारियों से राजस्व मामलों की प्रगति रिपोर्ट ली तथा संबंधित अधिकारियों को उनसे संबंधित राजस्व कार्यों को मिशन मोड पर लेकर उनका त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर शर्मा ने जिले में खुले बोरवेल एवं ट्यूबवेल से होने वाले हादसों की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्रॉप कटिंग की सही रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए ताकि कृषकों को पूरा मुआवजा मिल सके। उन्होंने बैठक में फतेहपुर मंडावा बाईपास से संबंधित मुआवजा देने के संबंध में लापरवाही करने पर आयुक्त नगर परिषद फतेहपुर को चार्टशीट देने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदारों को एवरेज फाईल डिस्पोजल कम करने, मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त, मानवाधिकार के प्रकरणों की रिपोर्ट समय पर भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने लेण्ड कनवर्जन के प्रकरणों का 45 दिवस में निस्तारण करने, रास्तों के विवाद, 183 बी, सीमाज्ञान, इजराय, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने फतेहपुर उपखण्ड अधिकारी को मण्डावा बाईपास रोड़ की भूमि अवाप्ति मुआवजा वितरण,सभी उपखण्ड अधिकारियों को ब्लेक स्पोटस को चिन्हित कर तत्काल कार्यवाही करने, उपखण्ड स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठक लेने, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करने, जल जीवन मिशन से संबंधित 21 स्थानों पर भूमि आवंटन के लिए कार्यवाही करने के साथ ही अपने-अपने क्षेत्र में कृषि आदान बीज, उर्वरक,खाद की उचित आपूर्ति की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने कहा कि एलआर एक्ट के तहत विचाराधीन मामलों के निस्तारण के लिए प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में नामांतरण और रास्तों के मामले जो वर्षों से लंबित चल रहे हैं, उनकों आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति करवाकर प्राथमिकता से निस्तारण करें और भू-रूपांतरण और आवंटन के लंबित आवेदनों का समयबद्धता के साथ निस्तारण करें।

उन्होंने सार्वजनिक रास्तों के सीमांकन एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी राजस्व अधिकारी राजस्व प्रकरणों में तहसीलवार लक्ष्य निर्धारित कर प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राइजिंग राजस्थान के तहत जिले में हुए एमओयू के संबंध में भूमि आवंटन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तहसीलदार राजस्व से संबंधित फैसलों को विस्तृत, नियमानुसार एवं सभी धाराओं को ध्यान में रखते हुए लिखें।

इस दौरानएडीएम सिटी भावना शर्मा, डीआईजीस्टांप नीरज मीणा, एसीएम कुणाल राहड़ सहित समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, राजस्व विभाग के अधिकारी, कार्मिक उपस्थित रहे।

कार्यालय नगर परिषद, सीकर

क्रमांक :- एफ9/नपसी/कृषि भूमि/2024-25/15673 दिनांक :- 30.01.2025

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आवंटन) नियम 2012 के तहत कृषि भूमि रूपान्तरण उपरांत कृषि भूमि पट्टे आवंटन हेतु प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावलियों के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो, तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजों के अंदर मियाद 7 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करे, अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किय जावेगा।

पट्टा आवंटन पत्रावलियों का विवरण

क्र. सं.	पत्रावली संख्या व दिनांक	नाम	खसरा संख्या	राजस्व ग्राम	क्षेत्रफल (वर्गमीटर में)	प्रयोजन	बारकोड संख्या	ऑनलाईन पत्रावली संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	900/28 .01.2025	1. श्री राजकुमार पुत्र श्री भागीरथ, 2.श्री रविन्द्र कुमार पुत्र श्री शुभकरण नि.माधव विहार-3, विनायक वाटिका के पास, सीकर	2653 /2647	सीकर	151.2	आवासीय	AF362025000176	209605
2	901/28 .01.2025	1. श्री अल्ताफ कुरैशी पुत्र श्री हमीद अली, 2.श्री नेक मो. पुत्र इसब खान नि. माधव विहार-, विनायक वाटिका के पास, सीकर	2646 /2643	सीकर	213.89	आवासीय	AF362025000177	209603

आयुक्त, नगरपरिषद, सीकर

समीक्षा बैठक आयोजित

बुहाना, (निसं)। पंचायत समिति के सभागार में विकास अधिकारी गणेशाराम जाखड़ की अध्यक्षता में ग्राम विकास अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की साफ-सफाई सवेदक की उपस्थिति में समीक्षा बैठक की गई। बैठक में विकास अधिकारी ने कहा कि पंचायत समिति क्षेत्र के गांवों में नालियों, सडकों, सामुदायिक शौचालयों, मुख्य चौक आदि स्थानों पर नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। सूखा, गीला, प्लास्टिक कचरे को अलग अलग इकट्ठा कर, कचरा संग्रहण केंद्रों में इकट्ठा करने के निर्देश दिए गए।

तेजी से आगे बढ़ाएं अपने
मार्केट
के
रिटर्न को
एलआईसी
इंडेक्स
प्लस
UIN: 512L354V01 | Plan No.: 873
ऑनलाइन भी उपलब्ध
मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ
एक नॉन - पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना
मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरूआत कीजिए
दो फ़ंड्स में से चुनिए - निफ्टी 50 (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या निफ्टी 100 (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
गारंटीड एडीशन्स के साथ*
* नियम व शर्तें लागू
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2024-25/22/Hin
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमारा वॉट्सएप्प नं. 8976862090
कहिए 'Hi'
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.
लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स, पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम के अधीन होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार है.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा इंडेक्स प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू